ENERGY FOR EVER

इरेडा
IREDA

ONCE IREDA ALWAYS IREDA

(A Navratna CPSE)

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

इरेडा बोर्ड के द्वारा ग्रीन एनर्जी फाइनेंसिंग को बढ़ावा देने के लिए क्यूआईपी के माध्यम से ₹5,000 करोड़ तक के फंड जुटाने के लिए मंजूरी

नई दिल्ली, 23 जनवरी 2025

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) के निदेशक मंडल ने आज अपनी बैठक में एक या एक से अधिक किस्तों में इक्विटी शेयरों के योग्य संस्थानों के प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के माध्यम से ₹5,000 करोड़ तक फंड जुटाने के लिए मंजूरी दी।

इस पहल का उद्देश्य ग्रीन एनर्जी फाइनेंसिंग की बढ़ती मांग को पूरी करने के लिए इरेडा के वित्तीय संसाधनों को मजबूत करना है। इसके लिए शेयरधारकों और नियामक प्राधिकरणों से आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करने के बाद जारी करने की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

इस निर्णय के बारे में संदेश देते हुए, इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा कि, "क्यूआईपी के माध्यम से फंड जुटाने की यह पहल भारत के नवीकरणीय ऊर्जा पारिस्थितिकी प्रणाली को और अधिक मजबूत करने के लिए इरेडा की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह हमें स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं के लिए वित्तीय पोषण सहायता को बढ़ाने और इस क्षेत्र में हमारे नेतृत्व को और अधिक मजबूत करने के लिए सक्षम बनाएगा।"

ये नियोजित निर्गम यह सुनिश्चित करता है कि इरेडा में भारत सरकार की हिस्सेदारी मजबूत बनी रहेगी,और इस निर्गम के बाद इक्विटी में 7% तक की डिल्यूशन हो सकती है।